Title : Need to release more funds for providing relief to the people affected by severe floods in Southern Gujarat.

(iii) Need to release more funds for providing relief to the people affected by severe floods in Southern Gujarat.

*m01

श्री काशीराम राणा (सूरत) : उपाध्यक्ष महोद्य, अभी हाल में दक्षिण गुजरात में अभूतपूर्व भी्ण बाढ़ से सूरत, वडोदरा, नवसारी, वलसाड़, आनन्द, खेड़ा एवं भरूच में अरबों रुपए की सम्पत्ति न्ट हुई और 200 जानें गईं। बाढ़ के दौरान जन-जीवन बहुत ही प्रभावित रहा एवं लोगों की सम्पत्ति न्ट होने, किसानों की फसलों के न्ट होने से कई परिवार वर्तमान समय में भुखमरी के शिकार हो गए हैं। सूरत का वस्त्र उद्योग, जरी उद्योग एवं हीरा उद्योग बहुत ही प्रभावित हुए हैं एवं वहां पर उत्पादन कार्य में कई बाधाएं आ रही हैं। कई मिलों के स्टॉक एवं मशीनें खराब हो गई हैं। केन्द्र सरकार के कई मंत्रिगण ने हवाई सर्वे किया और केवल 500 करोड़ रुपए की राहत सहायता की घो्णा की है जबकि इस बाढ़ से नुकसान कई हजार करोड़ रुपए का हुआ है। इसलिए मेरा निवेदन है कि इस राहत कार्य हेतु कम से कम 8000 करोड़ रुपए दिए जाएं और एक नए स्पेशन पैकेज की घो्णा शीघ्र की जाए।

महोद्य, आपके माध्यम से मेरा अनुरोध है कि बाढ़ से प्रभावित लोगों को शीघ्र राहत पहुंचाने हेतु कम से कम 8000 करोड़ रुपए की सहायता की जाए जिससे लोग सामान्य जीवन की तरफ लौट सकें और बाढ़ से प्रभावित उद्योगों के पुनरुद्धार हेतु विशे्ा पैकेज दिए जाएं।